Hari Bhumi   Edition Delhi
28.1.2017 Page 12
Height 15.68cm Width 20.69 cm

नकद रहित लेनदेन होगा आसान : प्रसाद

आधार से भुगतान सेवा जल्द

सरकार जल्दी ही आधार भुगतान सेवा शुरु करेगी। इसके जरिए लोग अपनी आधार संख्या और बायोमेट्रिक्स का उपयोग कर धन का लेनदेन कर सकेंगे। इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा, हम आधार भुगतान शुरु करने जा रहे हैं। इसके साथ लोगों को भुगतान के लिए अपना फोन ढोने की आवश्यकता नहीं होगी।

एजेंसी. नई दिल्ली

लोगा किसी भी दुकान में जाकर अपनी आधार संख्या साझा कर सकते हैं और भुगतान करने या धन प्राप्त करने के लिए खुद के सत्यापन के लिए बायोमेट्रिक्स का उपयोग कर सकते हैं। प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा कि आधार भुगतान के लिए 14 बैंक साथ आए हैं और जल्दी ही सेवा शुरु की जाएगी। हमने अन्य बैंकों के साथ भी बात कर रहे हैं। जल्दी ही सेवा शुरु की जाएगी।

बैंकों ने तरीके विकसित किए

सूत्रों के अनुसार कुछ बैंकों ने अपने एप्लीकेशन को विकसित कर लिया है और आंध्र प्रदेश में इसका परीक्षण हो रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग कर त्वरित भुगतान के लिए भारत इंटरफेस फार मनी (भीम) को भी आधार युक्त भुगतान प्रणाली से एकीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में 111 करोड लोगों के पास आधार संख्या है। लोग प्रायः निजता के उल्लंघन का मुद्दा उठाते हैं लेकिन आधार कानून लोगों की निजता का सम्मान करता है।

खास बातें

- आधार संख्या और बायोमेट्रिक्स का उपयोग कर लेनदेन कर सकेंगे
- आधार भुगतान के लिए 14 बैंक आए हैं साथ

49 करोड़ बैंक खाते आधार से जुड़े

प्रसाद ने कहा, देश में 49 करोड़ बैंक खाते आधार से जुड़े हैं। हर महीने दो करोड़ खातों को आधार से जोड़ा जा रहा है। मंत्री ने कहा कि आधार भुगतान युक्त प्रणाली पहले से काम कर रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में 33 करोड लेन-देन किए गए हैं। प्रसाद ने कहा कि लेन-देन के लिए आधार के उपयोग से वित्त वर्ष 2014-15 तथा 2015-16 में 36,144 करोड रुपए की बचत हुई।

बनाया वित्तीय प्रणाली

रविशंकर प्रसाद ने कहा, हम सभी जानते हैं कि पूर्व सरकार ने आधार शुरु किया लेकिन उस समय यह नागरिकों के लिए केवल एक डिजिटल पहचान के रुप में था। नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के अंतर्गत उठाए गए विभिन्न कदमों से यह वित्तीय तथा भविष्य रुपांतरण के लिए एक शक्तिशाली जरिया बन गया है।